कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।

पत्रसंख्याः–सीओजे–एचसी–210(उ0नि0सीधी भर्ती–2021–22)–2022 दिनांकः–फरवरी 20 ,2023

आदेश

उपनिरीक्षक ना0पु0, प्लाटून कमाण्डर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सीधी भर्ती–2020–21 अन्तिम चयन परिणाम, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एव प्रोन्नति बोर्ड, उत्तर प्रदेश लखनऊ की सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–दो–2(11–वि0मे0लि0)/2021 दिनांकः12–06–2022 द्वारा घोषित किया गया है, जिसके अनुसार उपनिरीक्षक ना0पु0 के पद पर 9027 (पुरूष–7222 महिला–1805) को चयनित किया गया है।

2– अध्यक्ष/पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र संख्याः पीआरपीबी–दो–2(11–वि0मे0लि0)/2021 दिनांकः 05–07–2022 के द्वारा उपरोक्तानुसार चयन परिणाम मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्याः ए–3737/2022 रावेन्द्र प्रताप सिंह व 49 अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद मे EWS श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में योजित रिट याचिका संख्याःए–8243/2022 युवराज उपाध्याय बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य व रिट याचिका संख्याःए–7119/2022 रवि शंकर त्रिपाठी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किया गया है।

3– उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित) के भाग–छ के प्रस्तर 18(1) मे निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है,

18–(1) नियम 15 एवं नियम 16 के उपबन्धों के अधीन रहते हुये नियुक्ति प्राधिकारी, अभ्यर्थियों के नामों को उसी कम में लेकर, जिसमें वे नियम 15 के खण्ड (ड.) के अधीन तैयार की गयी सूची में हो, नियुक्त करेगा। नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को इस निर्देश के साथ नियुक्ति पत्र जारी करेगा कि वे पत्र के जारी किये जाने के दिनांक से एक माह के भीतर सेवा/प्रशिक्षण के लिये उपस्थित हो। किसी अभ्यर्थी द्वारा ऐसा न करने पर उनके चयन/नियुक्ति को निरस्त कर दिया जायेगा।

4– पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः प्रानि–प–90/2022/4739 दिनांक 02.02.2023 द्वारा अभ्यर्थी को दिनांकः13.03.2023 से प्रशिक्षण संस्थान कोतवाल धनसिंह गुर्जर, पीटीएस मेरठ में प्रारम्भ होने वाले उपनिरीक्षक ना0पु0 के आधारभूत प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु नामित करते हुये दिनांकः 12.03.2023 को सांयकाल तक प्रशिक्षण संस्थान में आगमन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जो पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याःपांच–111(उ0नि0 सी0भ0–2020–21)–2022 दिनांक 06.02.2023 के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त हुआ है।

5– उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 यथासंशोधित के नियम 3(ख) के अनुसार उपनिरीक्षक ना0पु0 के नियुक्ति प्राधिकारी का तात्पर्य पुलिस उपमहानिरीक्षक, से है।

6– अतएव उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 यथासंशोधित के नियम 3(ख) के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी के रूप में उपनिरीक्षक ना0पु0, प्लाटून कमाण्डर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सीधी भर्ती–2020–21 के अन्तर्गत उपनिरीक्षक ना0पु0 के पद पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को आधारभूत प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान में आगमन किये जाने की तिथि से उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के आधार पर ग्रेड वेतन रूपयाः4200/–मैट्रिक लेबल–6, का न्यूनतम वेतन रूपयाः35400/–में अस्थाई रूप से नियुक्ति प्रदान करते हुये उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रशिक्षण संस्थान में नियुक्त किया जाता है :–

क0 सं0	अनुकमांक	नाम	पिता का नाम	पता	गृह जनपद	आधारभूत प्रशिक्षण हेतु आवंटित प्रशिक्षण संस्थान
1	2	3	4	5	6	7
1	PR2317109909	आफरीन कुरैशी	आबिद कुरैशी	तिलक वार्ड देवरी थाना देवरी	सागर (म0प्र0)	कोतवाल धनसिंह गुर्जर, पीटीएस मेरठ